>

Title: Need to open a Centrally aided Polytechnic in Samastipur Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : महोदय, बिहार में केन्द्र सरकार द्वारा 9 पॉलिटेक्निक संस्थान खोलने की अनुमति प्रदान की गई है, जो सराहनीय एवं स्वागतयोग्य कदम है। इससे प्रदेश के नवयुवकों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। मेरा संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर बिहार का एक अति पिछड़ा क्षेत्र है, जहां लोगों को कृषि के सिवाय कोई दूसरा साधन नहीं है। यहां के नवयुवकों को तकनीकी संस्थान के अभाव में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से महरूम होना पड़ता है, जिससे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी एवं बेकारी की समस्या से युवाओं को जूझना पड़ रहा है।

अतः मैं केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि बिहार में केन्द्र सरकार द्वारा खुलने वाले 9 पॉलीटेक्निक संस्थानों में से एक संस्थान निश्चित रूप से समस्तीपुर में खोलने की मंजूरी प्रदान करने का कÂट करें।